# निशातपुरा रेलवे स्टेशन का आज लोकार्पण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के नव विकसित निशातपुरा रेलवे स्टेशन का लोकार्पण मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इससे पहले सोमवार को सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने रेलवे एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्टेशन का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सारंग ने कहा कि निशातपुरा रेलवे स्टेशन का संचालन केवल एक नए स्टेशन की शुरुआत नहीं, बल्कि तेजी से विकसित हो रहे भोपाल की आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्टेशन शुरू होने से राजधानी के रेल नेटवर्क को नई मजबूती मिलेगी और मुख्य भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का दबाव कम होगा।




उन्होंने बताया कि स्टेशन से इंदौर मार्ग की प्रमुख ट्रेनों का संचालन होगा। मालवा एक्सप्रेस और सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस का ठहराव भी निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर रहेगा, जिससे लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेष रूप से करोंद, निशातपुरा, छोला, भानपुर, अयोध्या बायपास, द्वारका नगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को मुख्य रेलवे स्टेशन तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

श्री सारंग ने बताया कि प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 से द्वारका नगर होते हुए निशातपुरा तक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण राज्य सरकार के बजट से कराया जा रहा है। इसके अलावा गणेश मंदिर (कैंची छोला) से खेड़ापति मंदिर तक एक अन्य रेलवे ओवरब्रिज भी प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं से यातायात सुगम होगा और रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी।

# दादाजी धूनीवाले धाम आध्यात्मिक शक्ति और आस्था का केंद्र : डॉ. यादव



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को खंडवा स्थित प्रसिद्ध दादाजी धूनीवाले धाम पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दादाजी धूनीवाले धाम बाहरी आडंबरों से परे आध्यात्मिक ऊर्जा और आत्मिक शांति का केंद्र है, जहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को विशेष आध्यात्मिक अनुभव होता है।

मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े दादाजी और छोटे दादाजी का यह पवित्र धाम केवल खंडवा ही नहीं, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए आस्था और गौरव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धाम में चल रहे विकास कार्यों को लेकर पूर्व में कुछ मतभेद रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार सभी पक्षों से संवाद कर उनका समाधान कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि धाम की परंपराओं, मर्यादा और धार्मिक गरिमा का पूर्ण सम्मान करते हुए विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य दादाजी के आशीर्वाद से इस पवित्र स्थल को श्रद्धालुओं के लिए और अधिक भव्य, दिव्य तथा सुविधासंपन्न बनाना है।

## गुरु पूर्णिमा पर उज्जैन में होगा सांदीपनि अलंकरण समारोह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 29 जुलाई को उज्जैन स्थित माधव विज्ञान महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर सांदीपनि अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक परिणाम देने वाले शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों का सम्मान किया जाएगा।

**सीएम शा. विद्यालयों के प्राचार्यों का करेंगे सम्मान, शिक्षकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र**

कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मिशन बुनियाद परियोजना का शुभारंभ भी होगा। साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के नवनियुक्त प्राथमिक शाला शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। राज्य सरकार प्रदेश के शासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन तथा गुरु-शिष्य परंपरा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन कर रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं, नैतिक मूल्यों और गुरु के प्रति सम्मान की भावना से जोड़ने के साथ संस्कारयुक्त एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर कानूनी विवाद गहराया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** वर्ष 2028 तक प्रत्येक वर्ष दो बार शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद शिक्षा विभाग 31 दिसंबर से पहले प्रस्तावित दो परीक्षाओं में से एक का भी कार्यक्रम जारी नहीं कर सका है। इसी बीच शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 23(2) के प्रथम एवं द्वितीय परंतुक को चुनौती देने वाली याचिका पर मप्र उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और मप्र शासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह याचिका ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन, मध्यप्रदेश की ओर से दायर की गई है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर के अनुसार 29 मई 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा था कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना शिक्षा का अधिकार अधिनियम के वैधानिक प्रावधानों से ऊपर नहीं हो सकती। साथ ही वर्ष 2028 तक प्रत्येक वर्ष दो बार शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने और इस अवधि में शिक्षकों को परीक्षा उत्तीर्ण होने तक बार-बार अवसर देने के निर्देश दिए गए थे। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना प्रभावी रहने तक सेवारत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट प्राप्त थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद उत्पन्न नई कानूनी स्थिति में संबंधित प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। साथ ही अंतरिम राहत की मांग करते हुए अनुरोध किया गया है कि अंतिम निर्णय तक शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाने वाले किसी भी सेवारत शिक्षक की सेवा समाप्त न की जाए। मामले की अगली सुनवाई 31 अगस्त को निर्धारित की गई है।

## ऊर्जा विभाग में संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ऊर्जा विभाग ने विद्युत वितरण कंपनियों में कार्यरत लगभग छह हजार संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने सभी विद्युत वितरण कंपनियों को अक्टूबर 2026 तक रिक्त नियमित पदों के विरुद्ध संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार नियमितीकरण विभागीय परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त कार्यानुभव के आधार पर 30 अतिरिक्त अंक भी प्रदान किए जाएंगे। परीक्षा और अनुभव के निर्धारित मानकों के आधार पर पात्र संविदा कर्मचारियों को रिक्त नियमित पदों पर नियुक्ति दी जाएगी।

ऊर्जा विभाग ने 24 जुलाई को सभी विद्युत वितरण कंपनियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी की जा सके। इधर, मध्यप्रदेश संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा से मांग की है कि ऊर्जा विभाग की तर्ज पर प्रदेश के अन्य 54 विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के लिए भी विभागीय परीक्षा आयोजित कर नियमितीकरण की व्यवस्था लागू की जाए।

## हम हर समय नमस्ते करने को तैयार पद के लिए नहीं जीते : प्रहलाद पटेल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा है कि भाजपा में कोई व्यक्ति केवल पद के लिए राजनीति नहीं करता। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्हें किसी पद का मोह नहीं है और यदि आवश्यकता पड़ी तो वह कभी भी जिम्मेदारी छोड़ने के लिए तैयार हैं। सोमवार को अल्प प्रवास पर उमरिया पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा के दौरान पंचायतों में पांचवें वित्त आयोग की राशि के उपयोग पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग श्मशान घाट,



पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं जैसे प्राथमिक कार्यों पर होना चाहिए। केवल सोलर लाइट लगाने में राशि खर्च करना उचित नहीं माना जा सकता।

अपने दौरे के दौरान मंत्री ने ग्राम कटरिया स्थित मछडार नदी तथा ग्राम मरदरी में उमरार नदी के उद्गम स्थलों पर पूजा-अर्चना की और वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छोटी नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नदियों को बारहमासी बनाने के लिए कंक्रीट निर्माण की अपेक्षा स्थानीय प्रजातियों के अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने चाहिए।

दतिया विधानसभा उपचुनाव और भविष्य में नेताओं के टिकट को लेकर पूछे गए प्रश्न पर प्रहलाद पटेल ने कहा कि उन्हें किसी पद की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम तो चाहते हैं कि हम मुक्त हो जाएं। भारतीय जनता पार्टी में कोई व्यक्ति केवल पद के लिए नहीं जीता।

## लॉजिस्टिक्स नीति पर गोलमेज बैठक कल

**नप्र, भोपाल :** मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से 29 जुलाई को नई दिल्ली स्थित नवीन मध्यप्रदेश भवन में हितधारक परामर्श गोलमेज बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में उद्योग जगत, लॉजिस्टिक्स कंपनियों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं के साथ मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स नीति-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा होगी। राज्य सरकार का लक्ष्य मध्यप्रदेश को देश के प्रमुख वितरण केंद्र के रूप में विकसित करना है। प्रदेश में पांच लाख किलोमीटर से अधिक सड़क नेटवर्क, 46 से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग, आठ संचालित हवाई अड्डे और व्यापक रेल संपर्क उपलब्ध है।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com